Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the serious condition arising out of apathy in distribution of Kisan Samman Nidhi.

श्री नन्दकुमार सिंह चौहान (खण्डवा): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत धन्यवाद । एनडीए की मोदी सरकार ने देश भर में करोड़ों किसानों के लिए किसान समृद्धि योजना शुरू की है । देश भर के करोड़ों किसानों के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है । प्रति किसान 6,000 रुपये की राशि तीन समान किश्तों में दी जाती है । मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों में प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि बंटना विधिवत प्रारंभ हो गया है और किसानों के खातों में किश्तें जा चुकी हैं । दुर्भाग्य है कि मध्य प्रदेश राज्य सरकार की उदासीनता के कारण करोड़ों किसान इस निधि से वंचित हैं । भारत सरकार की किसान हितैषी महत्वाकांक्षी योजना का लाभ करोड़ों किसानों को दिलाने में मध्य प्रदेश सरकार उदासीनता बरत रही है ।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि की राशि मध्य प्रदेश के किसानों को दिलाने के लिए राज्य सरकार को कड़े निर्देश जारी करने का कष्ट करे ।

माननीय अध्यक्ष: श्री उदय प्रताप सिंह को श्री नन्द सिंह चौहान द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।